इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, मंगलवार, 11 अगस्त 2026

वर्ष 18 अंक 340 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ-12


अपनी पीड़ा सह लेना और दूसरे जीवों को पीड़ा न पहुंचाना, यही तपस्या का स्वरूप है।
-संत तिरुवल्लुवर

तापमान - अधिकतम 33.9°C (+0.4) न्यूनतम 28.1°C(+2.3) सेंसेक्स 78,542.44 (+43.27) निफ्टी 24,583.80 (+13.15) सोना 1,52,120 चांदी 2,45,000 मुद्रा - डालर 95.40 दिरहम 25.43 रियाल 25.39



# 'दीक्षारंभ-2026' में पढ़ाई के साथ अनुशासन व व्यक्तित्व विकास पर जोर

## एरा यूनिवर्सिटी में नए छात्रों का हुआ स्वागत

**लखनऊ (सं)।** कॉलेज की नई शुरुआत किसी भी छात्र के लिए उत्साह के साथ कई सवाल भी लेकर आती है। कैसे पढ़ना है, किन नियमों का पालन करना है और भविष्य के लिए खुद को कैसे तैयार करना है। एरा यूनिवर्सिटी ने एलाइड हेल्थ साइंसेज के नए छात्रों की इसी नई यात्रा को आसान बनाने के लिए सोमवार को 'दीक्षारंभ-2026' इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अनुशासन, व्यवहार, अनुभव और व्यक्तित्व विकास का महत्व समझाया गया।

वाइस चांसलर प्रो. अब्बास अली महदी ने नए छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच विश्वविद्यालय में प्रवेश हासिल करना उनकी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित कक्षाओं में शामिल होने और विश्वविद्यालय की अटेंडेंस पॉलिसी का पालन करने की सलाह दी। कहा कि एरा यूनिवर्सिटी का उद्देश्य छात्रों के ज्ञान के साथ उनके व्यक्तित्व में भी सकारात्मक बदलाव लाना है। एलाइड हेल्थ साइंसेज के असिस्टेंट डीन प्रो. जिया अब्बास नकवी ने फैकल्टी के विभिन्न पाठ्यक्रमों और नियमों की जानकारी दी। डीन प्रो. सिद्धार्थ चंदेल ने विद्यार्थियों को अलग-अलग विभागों और पाठ्यक्रमों से परिचित कराते हुए कहा कि अनुभव के साथ सीखने की क्षमता ही छात्रों को पेशेवर जीवन में आगे बढ़ाएगी। डॉ. गुलशिया रिजवी ने परीक्षा प्रणाली और मूल्यांकन प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रॉक्टर प्रो. दिलशाद अली रिजवी ने कैंपस में अनुशासन और जिम्मेदार व्यवहार की जरूरत बताई। छात्र कल्याण डीन प्रो. तनवीर खदीजा ने विश्वविद्यालय के नियमों, यूनिफॉर्म और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित एक्स्ट्रा-करिकुलर गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सोशलाइजिंग, एसोसिएटिंग, गवर्निंग और एक्सपीरियंसिंग के माध्यम से छात्रों को नए माहौल से जुड़ने का अवसर मिला। इंडक्शन ओरिएंटेशन की चेयरपर्सन एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. रूपाली मिर्जा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन मलिका अब्बास ने किया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के प्रमुख, शिक्षक और समन्वयक भी मौजूद रहे।

